**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Criminal Miscellaneous Bail Application No. 7618/2024

Anurag Kushwah S/o Shri Sanjeev Kushwah, Aged About 19 Years, R/o Village Mitli, Bhagpath (Uttar Pradesh), Presently R/o 2/409, Near Utsav Hall, Sector-2, Vidhyadhar Nagar, Jaipur.

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan, Through P.p.

----Respondent

---

For Petitioner(s) : Mr. Arun Singh Shekhawat
For Respondent(s) : Mr. J S Rathore, PP

---

**HON'BLE MRS. JUSTICE SHUBHA MEHTA**

**Order**

**30/04/2025**

प्रार्थी की ओर से धारा 438 दण्ड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अन्तर्गत पुलिस थाना सिंधी कैम्प, जिला–जयपुर पश्चिम में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 174/2023 अपराध अन्तर्गत धारा 143, 336, 342, 379, 427, 452, 506 भारतीय दण्ड संहिता में अग्रिम जमानत का लाभ दिये जाने हेतु यह प्रार्थनापत्र पेश किया गया है।

आज विद्वान लोक अभियोजक ने प्रकरण की तथ्यात्मक रिपोर्ट व केस डायरी प्रस्तुत की। प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी श्रीमती भावना, एसआई, पुलिस थाना कोतवाली, जयपुर उत्तर भी उपस्थित है।

प्रस्तुत तथ्यात्मक रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में बाद अन्वेषण नकारात्मक अंतिम प्रतिवेदन किता किया जा चुका है, जो प्रस्तुत किया जाना है। यही तथ्य उपस्थित अन्वेषण अधिकारी ने भी प्रकट किया है।

ऐसी स्थिति में अब, जबकि प्रार्थी अन्वेषण के दौरान अन्वेषण अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो चुका है तथा प्रकरण में नकारात्मक अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना है, तो प्रार्थी–अभियुक्त की ओर से प्रस्तुत उक्त अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है।

परिणामतः प्रार्थी–अभियुक्त की ओर से प्रस्तुत उक्त जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त किया जाता है। पूर्व में पारित अन्तरिम आदेश, यदि कोई हो, तो निरस्त किया जाता है।

(SHUBHA MEHTA),J

VISHAL SHARMA /38